हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

11 हजारों साल पहले बसा था महम, मुहम्मद गौरी ...


12 सीखने, समझने और बदलने की प्रेरक ...


## खबर संक्षेप



**महम।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स व साथ मौजूद शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### एनसीसी कैडेट साक्षी ने बनाया सबसे सुंदर पोस्टर

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम की एनसीसी यूनिट द्वारा 78 वां एनसीसी स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी गीत के साथ किया गया। इसके बाद पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन प्राचार्य और ज्यूरी मेंबर द्वारा किया गया। विजेता विद्यार्थियों को प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अनिल चहल, लेफ्टिनेंट ज्योति शर्मा व हवलदार प्रदीप मौजूद रहे।



### विश्व हिंदू परिषद ने धर्म ग्रंथों पर दिया विशेष संदेश

**रोहतक।** विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय में जिले का परिचय वर्ग महामंडलेश्वर स्वामी विद्या स्वरूप के सानिध्य और जिला अध्यक्ष राजीव मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन को केवल सफल ही नहीं, बल्कि सार्थक बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने 18 पुराण, 6 शास्त्र, 4 वेद और 16 संस्कारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय समाज को इन ग्रंथों से मार्गदर्शन लेने की आज विशेष आवश्यकता है।

### दीनबंधु चौधरी छोटूराम श्रद्धांजलि मैराथन

**रोहतक।** जाट कॉलेज मैदान में कमेरा वर्ग संस्था द्वारा आयोजित 14वीं नशामुक्त एवं दीनबंधु चौधरी छोटूराम श्रद्धांजलि मैराथन का समापन हुआ। समाज में नशा उन्मूलन के संकल्प और महान किसान नेता व समाज सुधारक चौधरी छोटूराम को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन का शुभारंभ मदवि के वीसी राजबीर सिंह, श्री 1008 महामंडलेश्वर राघवेन्द्र भारती महाराज और जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान गुलाब दिमाना द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

---

**वारदात :** खेत में काम कर रहे मजदूरों के लिए चाय लेकर पहुंचे थे दादा

**लोहे की रॉड उठाकर सिर में मारी**

# ईस्माइला में 30 गज जमीन के लिए पोते ने की दादा की हत्या

*दादा खेत में काम कर रहे मजदूरों के लिए चाय लेकर पहुंचा था। वहीं, दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में पोते ने दादा के सिर पर लोहे की रॉड मारी और फरार हो गया। परिवारवालों के पहुंचने से पहले ही बुजुर्ग की मौत हो गई।*


मृतक सतबीर।


आरोपी पोता कपिल।

***बुजुर्ग का शव पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई में रखवाया गया, पुलिस कर रही जांच***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कस्बा सांपला के गांव ईस्माइला में जमीनी विवाद को लेकर रविवार को पोते ने दादा की हत्या कर दी। दादा खेत में काम कर रहे मजदूरों के लिए चाय लेकर पहुंचा था। जहां दादा पोते के बीच विवाद हो गया। इस दौरान पोते ने दादा के सिर में लोहे की रॉड से चोट मारी और फरार हो गया।

मजदूरों ने तुरंत इसकी सूचना परिवारवालों को दी लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी मिलते ही सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंची। बुजुर्ग के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**रोहतक।** विलाप करते हुए परिजन व ग्रामीण।


मौके पर जांच करतीं फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया। फोटो : हरिभूमि

### कई बार हो चुके झगड़े

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ईस्माइला गांव के सतबीर (68) के रूप में हुई है। उस पर पोते कपिल (22) ने हमला किया। बताया गया कि मृतक सतबीर ने तीनों बेटों को अलग कर रखा है। प्लाट भी दिए हुए हैं जबकि एक हिस्सा अपने पास रखे हुए था। सतबीर का अपने बेटे बिजेंद्र के साथ 30 गज जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर आपस में कई बार झगड़े हो चुके हैं।

### यूं दिया वारदात को अंजाम

सतबीर के खेत में मजदूर धान की झड़ाई करने में लगे हुए हैं। दादा मजदूरों के लिए चाय लेकर खेत में आया था। जहां पर उसका पोता कपिल पहले से ही मौजूद था। दादा को देखकर कपिल उसके पास आया और जमीन को लेकर झगड़ा करने लगा। दोनों के बीच कई देर तक विवाद होता रहा। तभी गुस्से में कपिल पास से लोहे की रॉड उठा लाया। उसने आते ही अपने दादा सतबीर के सिर में चोट मार दी। चोट लगने से सतबीर बेसुध होकर गिर गया। वारदात के बाद कपिल मौके से फरार हो गया। खेत में काम कर रहे मजदूर सतबीर के घर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह भी घटना के बाद मौके पर पहुंचे। जहां से उन्होंने ग्रामीणों और मजदूरों से पूछताछ की।

### जमीन के बंटवारे को लेकर था विवाद

बाप बेटे में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद था। उसी के चलते झगड़ा हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी रामकला के बयान पर बिजेंदर व उसके बेटे कपिल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
-राकेश कुमार, डीएसपी सांपला

---



**पुलिस ने चलाया विशेष अभियान**

# यातायात नियमों की अवहेलना करने पर अब खैर नहीं

***शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के 32, गलत लेन के 138, लाल-नीली बीती के 4 व बुलेट पटाखा के 8 वाहन चालकों के किए चालान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों, ध्वनि प्रदूषण, गलत लेन, लाल- नीली बत्ती लगाने व नशे मे वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटे गए। अभियान के तहत पुलिस द्वारा विशेषतौर पर नाकाबन्दी कर गहनता से वाहनों की जांच की गई। जिला पुलिस द्वारा सांय 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक अल्कोहल सैंसर के नाके लगाकर वाहनों चैकिंग की गई। यातायात पुलिस द्वारा गलत लेन में वाहन चलाने वाले 138 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 32 वाहन चालकों, वाहन पर अवैध रुप से लाल-नीली बती लगाने वाले 04 व 08 बुलेट पटाखा के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि रोहतक पुलिस का मकसद वाहन चालकों में यातायात नियमों का पालना करने की भावना जागृत करना है। ताकि वाहन चालक सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे। पुलिस की अलग अलग टीमें द्वारा अपने एरिया में चैकिंग अभियान चलाए गए। उन्होंने बताया अभियान का उद्देश्य है सड़क पर चलना सुरक्षित हो सके तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आ सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान चलाए जाते रहेंगे।

---

**धुंध बढ़ते ही पुलिस की वाहन चालकों को चेतावनी**

# नियमों के अनुसार सुरक्षित सफर को प्राथमिकता, सावधानी ही समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सर्दी ने दस्तक देते ही धुंध का असर बढ़ना शुरू हो गया है और इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। इसी स्थिति को देखते हुए जिला पुलिस ने लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए पहले से सतर्क करना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने शहर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया है, जिसके तहत चालकों को धुंध भरे मौसम में वाहन धीरे व नियमों के अनुसार चलाने की अपील की जा रही है।

यातायात पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सुबह और रात दोनों समय सड़कों पर दृश्यता कम रहने की संभावना है। कई बार अचानक छाई धुंध के कारण कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं देता, ऐसे में मामूली गलती भी



बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि हर वाहन चालक मौसम को ध्यान में रखते हुए ही सड़क पर उतरे। पुलिस टीम ने बताया कि रिफ्लेक्टर और रिफ्लेक्टिव टेप धुंध के मौसम में बहुत कारगर माने जाते हैं। ये पीछे से आने वाले वाहन को दूरी बनाए रखने का संकेत देते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम कर देते हैं। अधिकारियों ने समझाया कि सुरक्षित सफर का सबसे बड़ा मंत्र है यातायात नियमों का पालन। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, तेज रफ्तार या मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना, ये सारी लापरवाहियां धुंध के मौसम में और भी ज्यादा खतरनाक हो जाती हैं।

### गाड़ी धीरे चलाना ही दुर्घटना रोकने का सबसे सरल तरीका

धुंध में ड्राइविंग को लेकर पुलिस ने यह भी कहा कि गाड़ी धीरे चलाना ही दुर्घटना रोकने का सबसे सरल तरीका है। अगर सड़क पर दृश्यता कम हो तो वाहन चालक को अपनी गति घटाकर आगे बढ़ना चाहिए। कई बार धुंध इतनी घनी होती है कि कुछ लोग अपनी गाड़ी सड़क के बीच ही रोक देते हैं, जिससे पीछे से आने वाली गाड़ियां अचानक टकरा जाती हैं। ऐसे हालात में वाहन को सड़क से नीचे सुरक्षित स्थान पर खड़ा करना बेहतर रहता है।

---


### न्यायमूर्ति सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह का प्रसारण टैगोर ऑडिटोरियम में आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यन्त गौरव और हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय के प्रख्यात पूर्व छात्र, माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने जा रहे हैं। हरियाणा की धरती से पहली बार कोई व्यक्तित्व देश की सर्वोच्च न्यायिक संवैधानिक पदवी तक पहुंच रहा है, जिसे विश्वविद्यालय परिवार ने राज्य और राष्ट्र दोनों के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है।

इस पुनीय अवसर के साक्षी बनने और विश्वविद्यालय के इस गौरवमय क्षण को सामूहिक रूप से मनाने के लिए एमडीयू प्रशासन द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) विश्वविद्यालय परिसर के टैगोर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम सोमवार, 24 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे से आरम्भ होगा। सभी अध्यापकों, गैर-अध्यापकीय कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों से आमंत्रित किया गया है।

---

### बाबरा चौक स्थित दुकान में आग


**रोहतक।** शहर के बाबरा चौक स्थित एक फोटो स्टूडियो की दुकान के ऊपरी हिस्से में आग से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

---

### एमडीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 28 से 30 तक

**वैश्विक सांख्यिकीय मॉडलिंग, ऑप्टिमाइज़ेशन और डेटा साइंस पर होगा मंथन**

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 28 से 30 नंवबर तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ग्लोबल एडवांसेज़ इन स्टैटिस्टिकल मॉडेलिंग, ऑप्टिमाइज़ेशन टेक्नीक्स एंड डेटा साइंस का आयोजन किया जाएगा। सांख्यिकी विभाग द्वारा भारतीय रिलायबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स एसोसिएशन के 9वें वार्षिक सम्मेलन के साथ संयुक्त रूप से आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में हो रहा है। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश से अग्रणी शिक्षाविद, शोधकर्ता, डेटा वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ, सांख्यिकीविद और गणितज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सांख्यिकीय मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, स्टोकेस्टिक प्रोसेस और रिलायबिलिटी थ्योरी में उभरते शोध तथा उनके शासन, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और उद्योग क्षेत्रों में उपयोग पर गहन चर्चा करना है।

---




### राजकीय महिला महाविद्यालय में एनसीसी डे उत्साह के साथ मनाया

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में रविवार को एनसीसी डे बड़ी उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर वरिष्ठ जीसीआई सरोज मलिक और गरिमा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। समारोह के दौरान एनसीसी कैडेट्स के लिए लेख प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं। लगभग 85 कैडेट्स ने इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथियों ने कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन एनसीसी यूनिट द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट रेनू और डॉ. नीरज भी उपस्थित रहीं।

---

### वैश्य महाविद्यालय में 78वां एनसीसी दिवस मनाया गया



**रोहतक।** फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुखविंदर सिंह तथा प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी के दिशा-निर्देशानुसार वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा 78वां एनसीसी दिवस महाविद्यालय परिसर में उत्साह और गरिमामयी वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उन्मेष मिश्र की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने एनसीसी कैडेट्स को 78वें एनसीसी स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी युवा शक्ति में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। यह संगठन युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करता है और उनमें आत्मविश्वास एवं चरित्र का विकास करता है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. उन्मेष मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनसीसी कैडेट न केवल कॉलेज का, बल्कि देश का गौरव होते हैं। हमारा ध्येय है कि प्रत्येक कैडेट सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे और उन्हें निभाए।

---

**जानकारी** साइबर ठगों से बचने के लिए 1930 पर कॉल करें

# डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर ठगों से सावधान! वे खुद को पुलिस, नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई, आरबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों के अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। यह एडवाइजरी जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने आमजन को साइबर ठगों से सचेत करने के लिए जारी की है। जिसमें बवाच और शिकायत दर्ज करने की सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्होंने कहा साइबर ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। इनसे बचने के लिए लोगों को बहुत ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। अगर इसके बाद भी अपराध हो जाए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि आरोपियों को समय पर पकड़ा जा सके। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि आपके बेटे या बेटी का नाम लेकर कहा जाये कि वह कहा हैं और अगले ही पल पर कहा जाये कि मैं नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में हैं। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपतिजनक वस्तु होने की बात कही जाये तो तुंरत सतर्क हो जाये। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। ऐसे हालात मे घबराये नही सचेत रहे।


एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया

### क्या है डिजिटल अरेस्ट



यह साइबर ठगो द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का अफसर या पुलिस अफसर बनकर वीडियो कॉल करते हैं। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर व्यक्ति डर जाता है और उनकी बातों में आ जाता है। इसमे पीड़ित को फोन कर झूठे मामले में पहले काफी डराया जाता है। कहा जाता है कि उपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमे वीडियो कॉलिग द्वारा पीड़ित को घर में बंधक बना लिया जाता है। ठगों द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिये सर्विलांस पर फोन या बेवसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। अपराधी इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नहीं देता है और न ही किसी को कॉल करने देते हैं। लंबी सजा और बड़े जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीडित ठगों द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है। इस दौरान ठग केस को रफा-दफा करने के लिये पीड़ित से पैसे मांगता है और पीड़ित उसे रकम भी दे देता है।

### बचने के तरीके

- घबराएं नहीं और सतर्क रहें
- साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें
- किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत जानकारी न दें
- वीडियो कॉल के दौरान सावधान रहें और किसी भी प्रकार की जानकारी न दें

क्या करें अगर आप शिकार हो गए हैं?

- तुरंत शिकायत दर्ज करें
- पुलिस को सूचित करें और उनकी सलाह लें
- अपने बैंक खातों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को सुरक्षित रखें



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

## हॉलीवुड मसाला




# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।



# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*


### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज

फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।



### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## खबर संक्षेप



### जुलाना में 7 दिसंबर को होगी जजपा रैली

**रोहतक।** जेजेपी द्वारा 7 दिसंबर को जुलाना (जींद) में होने वाली रैली की तैयारियों को तेज करते हुए जिला कार्यालय में पार्टी प्रभारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में महम प्रभारी उपेंद्र कादयान, कलानौर प्रभारी रवींद्र पटौदी, भूपेंद्र बांद, जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा और जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा मौजूद रहे। प्रभारियों ने चारों हल्कों के प्रधानों और कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया कि वे अधिक से अधिक लोगों को रैली तक पहुंचाने के लिए गांव-स्तर पर मजबूत जनसंपर्क अभियान चलाएं। सोशल मीडिया प्रचार, घर-घर जाकर निमंत्रण, पोस्टर-बैनर और स्थानीय बैठकों को विशेष महत्व देने पर जोर दिया गया। बैठक में रैली स्थल पर अनुशासन, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अलग-अलग टीमें बनाने का भी फैसला लिया गया। प्रभारियों ने कहा कि यह रैली संगठन की एकजुटता और जनसमर्थन को दिखाने का बड़ा अवसर है। इसी कड़ी में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 24 नवंबर को रोहतक जिले के कई गांवों का दौरा करेंगे। वे महम हल्के के बहु अकबरपुर, मोखरा, भैणी चंद्रपाल, खरक, खरेनटी तथा गढ़ी सांपला किलोई और कलानौर हल्के के गांवों में जनसंपर्क करेंगे।

## महम के महाभारत काल में बसने के भी मिले हैं प्रमाण

# हजारों साल पहले बसा था महम, मुहम्मद गौरी, महमूद और मसूद ने जमकर लूटा

### मुगल काल में महम होता था समृद्ध शहर, मुगल काल में यहां बनाया गया था एक छोटा किला

राज कुमार नरवाल:महम

रोहतक जिले का महम भले ही आज एक छोटा सा कस्बा है। लेकिन मुगलकाल में यह एक समृद्ध शहर होता था। भारत-पाक विभाजन से पूर्व यहां पर बड़ी संख्या में पठान, बलूच और मूला जाट मुस्लिम समुदाय के लोग रहते थे। यहां पर सूफी संतों की दो बड़ी गद्दियां थीं। विभाजन के बाद ये दोनों गद्दियां पठान, बलूच और मूला जाट मुस्लिम समुदाय के लोग पाकिस्तान में चले गए। आजादी के बाद यहां पर ज्यादातर हिंदू लोग रहते हैं। महम का इतिहास काफी प्राचीन है। महम कब बसा था, इस बात का तो प्रमाण नहीं है, लेकिन यह शहर कई हजार साल पहले बसा था। क्योंकि महाभारत काल में भी इसकी बसावट के प्रमाण मिले हैं। महाभारत के सभा पर्व के अनुसार नकुल ने जो दस किले जीते थे, उनमें एक महित्था (महम) भी था। महम कई बार उजड़ा और बसा है। कई बार उजड़ने की वजह ये यहां के लोग देश के अनेक जगहों पर जाकर बसे हुए हैं। प्राचीन काल में भी यहां के लोग दिल्ली, राजस्थान व वर्तमान पंजाब और देश के अन्य शहरों में जाकर बस गए थे। देश के कई शहरों में महम या महमिया नाम से कॉलोनियां बसी हुई हैं। ब्रिटिश साम्राज्य के समय ईस्ट इंडिया कंपनी के एक अंग्रेज उच्च अधिकारी कैप्टन मुंडे हांसी और हिसार के दौरे पर आए थे। 14 नवंबर 1827 को वे जब सुबह के समय यहां से गुजर रहे थे, तो उन्होंने इस शहर के बारे में पूछताछ की तो यहां के लोगों ने बताया था कि यह प्राचीन शहर और यहां के लोग काफी सम्पन्न व धनवान थे। कैप्टन मुंडे अपनी डायरी में लिखते हैं कि देहली में आबाद मुख्य नागरिक महम के पुराने वाशिंदे बताए गए हैं।



शाहजहां की बावड़ी महम। फाइल फोटो

### फिरोजशाह तुगलक ने फिर से बसाया महम

कई शताब्दियों बाद तुर्क मुस्लिम शासक फिरोजशाह तुगलक ने महम को फिर से बसाया। फिरोजशाह तुगलक का शासनकाल 1309-1388 ई. तक रहा। उनके शासनकाल में महम फिर से समृद्ध हो गया। इस दौरान इस इलाके में कृषि कार्यों को भी बढ़ावा दिया गया।

### शाहजहां के शासन काल में बनीं बावड़ी आज भी मौजूद

मुगल साम्राज्य के पांचवें सम्राट शाहजहां के शासनकाल में महम ने काफी तरक्की की। शाहजहां के चौबदार सैदू कलाल ने यहां पर 1658-59 में लखौरी ईंटों से एक शानदार बावड़ी का निर्माण करवाया। इस बावड़ी को स्वर्ग का झरना भी कहा जाता है। कालांतर में इस बावड़ी को ज्ञानी चोर ने अपना आश्रय स्थल बनाया। वह चोरी करके यहां पर छिप जाता था। वर्तमान में इस बावड़ी का भूमिगत जलस्तर बढ़ गया है, जिस वजह से यह जर्जर हो गई है।

### गजनवी ने महम पर आक्रमण कर इसे लूट लिया था

1000 से 1027 ई. के बीच गजनवी साम्राज्य के शासक महमूद गजनवी ने भारत पर 17 आक्रमण किए थे। उसका मुख्य उद्देश्य भारत की अपार धन संपत्ति लूटना और इस्लाम का प्रसार करना था। इन हमलों ने पंजाब को गजनी साम्राज्य का हिस्सा बनाया। इसी दौरान महमूद गजनवी ने महम को भी निशाना बनाया। महम शहर पर आक्रमण किए गए और यहां से धन संपदा लूटकर ले गया। कालांतर में महमूद गजनवी के बेटे मसूद प्रथम ने भी महम पर आक्रमण किए और यहां पर जमकर लूट मचाई। इस दौरान महम को भारी नुकसान हुआ।

### 1191-92 में मुहम्मद गौरी ने फिर किया तहस-नहस

अफगानिस्तान के घोर क्षेत्र के गुरिद साम्राज्य के शासक मुहम्मद गौरी ने भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम शासन की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने 1191 में और 1192 में पृथ्वी राज चौहान को हराने के लिए तराइन के दो युद्ध किए। इन युद्धों के दौरान महम को भी तहस नहस कर दिया गया और इस शहर को लूट लिया गया। हालांकि मुहम्मद गौरी ने महम को सीधे तौर पर नष्ट नहीं कियाय था। बल्कि उसने अपनी सेना को पृथ्वीराज चौहान की राजधानी के करीब के इलाकों में भेजा था। तराइन की दूसरी लड़ाई में पृथ्वीराज चौहान की सेनाओं ने रणनीतिक स्थानों पर कब्जा कर लिया। जिससे चौहानों की शक्ति कमजोर हो गई। महम को नष्ट करने का मोहम्मद गौरी का सीधा आदेश नहीं था। उस समय की लड़ाई और चौहान साम्राज्य के पतन का एक परिणाम था।



## गौकर्ण धाम में नौका-विहार महोत्सव श्रद्धालुओं ने उठाया दिव्य आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। इस्कॉन प्रचार समिति द्वारा गौकर्ण धाम स्थित गौकर्ण सरोवर में आयोजित श्रीराधा–राधा कान्त के नौका-विहार महोत्सव को श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। सरोवर के चारों ओर हजारों भक्त एकत्र हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या भी विशेष रूप से अधिक रही। नौका-विहार का शुभारंभ महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मुख्य यजमान एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, उद्योगपति विजय बंसल, सुरेश बंसल और समिति के प्रधान सुभाष तायल ने किया। सरोवर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था और पूरा परिसर जगमगा रहा था। बीच सरोवर में वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण लीलाओं की झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति दी। लगभग 110 इलेक्ट्रॉनिक बतखें भी सरोवर में तैर रही थीं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। 60 फुट लंबे मंच पर इस्कॉन के भक्तों द्वारा निरंतर कीर्तन किया गया, जिससे पूरा वातावरण "हरे राम हरे कृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा। सरोवर में सुगंधित फूलों से सजा विशाल कमल, फूलों से निर्मित "हरे कृष्ण महामंत्र" और फूल बंगले में विराजमान राधा–कृष्ण की झांकी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी समागमों का आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरुद्वारा बंगला साहिब पातशाही नौवीं में श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में समागमों की शुरुआत श्रद्धा और भक्ति के माहौल के साथ हुई। रविवार का समागम गुरु गोबिंद सिंह के गुरेता गद्दी दिवस को समर्पित रहा। इस मौके पर भाई अमनप्रीत सिंह पोंटा साहिब और भाई बिंदर सिंह, हजूरी रागी दमदमा साहिब ने मधुर गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर कीर्तन सुनकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। समागम के उपरांत लंगर का भी आयोजन किया गया। संगत को बताया गया कि 24 और 25 नवंबर को भी शाम के समय विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के समागम की सेवा हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी, समूह संगत और खुराना परिवार द्वारा निभाई गई।



### समर्थगुरु मैत्री संघ ने करवाया कुंडलिनी ध्यान अभ्यास

**रोहतक।** समर्थगुरु मैत्री संघ रोहतक द्वारा आयोजित ध्यान शिविर में साधकों को कुंडलिनी ध्यान का अभ्यास कराया गया। यह सत्र जिला समन्वयक आचार्य डॉ. परमवीर फोगाट के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान केंद्र समन्वयक आचार्य औंकार ने समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया का संदेश साधकों को सुनाया और आगामी विशेष शिविर की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 28 से 30 नवंबर तक विशेष ध्यान योग शिविर ताज गार्डन, पहरावर रोड में आयोजित किया जाएगा, जो गौतम बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग पर आधारित होगा। शिविर के दूसरे दिन 29 नवंबर को समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा 'ओंकार दीक्षा' प्रदान की जाएगी, जिसमें नए और पुराने साधक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। रोहतक संघ के संरक्षक रमेश खुराना एवं प्रेस–मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन ने साधकों को समर्थगुरु की हाल ही में सम्पन्न नेतरहाट (झारखंड) यात्रा और कर्मा महोत्सव (बिहार) की जानकारी दी।

## अनुशासन और सेवा की मिसाल है स्काउट दल

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने के लिए रविवार को जिले से 55 सदस्यों का उत्साही दल लखनऊ रवाना हुआ

हरिभूमि न्यूज



रोहतक। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने के लिए रविवार को जिले से 55 सदस्यों का उत्साही दल लखनऊ रवाना हुआ। इस दल में स्काउट्स-गाइड्स के साथ स्काउट मास्टर्स और गाइड कैप्टन्स शामिल हैं। राष्ट्रीय जंबूरी 23 से 29 नवंबर 2025 तक लखनऊ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक माहौल में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के हजारों युवा हिस्सा लेंगे।

प्रस्थान समारोह जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला संगठन आयुक्त बलराज आर्य, सुमन कादियान और ब्लॉक संगठन आयुक्त संदीप कुमार मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने छात्रों को अनुशासन, एकता और सेवा की भावना के साथ रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेना छात्रों के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर है, जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका देता है।

### छात्रों को प्रेरित किया

मंजीत मलिक ने कहा कि छात्रों को पूरी निष्ठा, ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने के लिए उत्साहित किया। जंबूरी में भाग लेने वाले छात्रों ने इसे अपने जीवन का अनोखा सीखने का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर उन्हें विभिन्न राज्यों के स्काउट्स-गाइड्स से मिलकर नई गतिविधियां, कौशल, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय जंबूरी युवा पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रभावना को मजबूत करने का प्रमुख मंच है। इस आयोजन में रोहतक जिले की सक्रिय भागीदारी पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

## डॉ. रणबीर सिंह दहिया को जन स्वास्थ्य अभियान का संयोजक समेत 25 सदस्यीय कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जन स्वास्थ्य अभियान हरियाणा के बैनर तले स्वास्थ्य हमारा अधिकार, मत करो इसका व्यापार के नारे के साथ राज्य स्तरीय सम्मेलन कर्मचारी भवन में भारी उत्साह से संम्पन्न हुआ। जिसमें गत सम्मेलन से अब तक के कार्यों की समीक्षा कर सबके लिए स्वास्थ्य अभी की मांग को लेकर भावी आंदोलन की रणनीति बनाई गई। साथ ही आगामी तीन सालों के लिए 25 सदस्यीय नई राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें डॉ. रणवीर सिंह दहिया को प्रांतीय संयोजक, डॉ. सतनाम सिंह, सुरेश कुमार एवं प्रोफेसर अमिता को सहसंयोजक और सविता, सुरेखा, डॉ. बलराम कादयान, सुनीता, संदीप, एवं प्रमोद गौरी को वर्किंग ग्रुप की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सम्मेलन की अध्यक्षता पीजीआईएमएस के कैंसर विभाग विभागाध्यक्ष, डॉ. अशोक चौहान, जनवादी महिला समिति की राज्य प्रधान सविता और आशा वर्कर्स यूनियन की महासचिव सुनीता के संयुक्त अध्यक्षमण्डल ने की। मंच का संचालन अभियान के सह संयोजक सुरेश कुमार ने किया। सम्मेलन के पहले मुख्य वक्ता एवं भूतपूर्व ग्लोबल कोर्डिनेटर व पूर्व राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. टी. सुन्दररमन ने स्वास्थ्य सेवाओं का राष्ट्रीय परिदृश्य : चुनौतियां, समाधान एवं हमारी भूमिका विषय पर गम्भीर वक्तव्य रखा। उन्होंने मुख्य रूप में सबके लिए स्वास्थ्य का अधिकार दिलाने की जरूरत और आंदोलन तेज करने पर चर्चा की।

## शांति देवी महिला हॉकी टूर्नामेंट में छाई बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि हॉकी केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन समर्पण और राष्ट्र प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से देश का गौरव बढ़ा रही है। वे रविवार को बोहर गांव के स्टेडियम में अपनी माता स्वर्गीय शांति देवी की 98वीं जयंती पर आयोजित चौथे हॉकी टूर्नामेंट को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले हरियाणा सरकार में खेल विभाग की डिप्टी डायरेक्टर भीम अवॉर्डी सुनीता दलाल ने दीप प्रज्वलित कर इस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नांदल परिवार एवं बाबा मस्तनाथ हॉकी क्लब बोहर ने बेहतरीन व्यवस्था और शानदार आयोजन क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और उनकी प्रशंसा भी की। बोहर गांव के खेल स्टेडियम में दिनभर चले विभिन्न मुकाबले में खिलाड़ियों ने दमदार रणनीति गति और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।



**रोहतक।** गांव सिसरौली में जनसभा में मौजूदा इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह ढुल, बलवान सिंह सुहाग व अन्य नेता।

### विधानसभा में फिर जाने का मौका मिला तो कांग्रेसियों को मुर्गे बनाने का काम करेंगे: अभय सिंह चौटाला

**रोहतक।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को निशाने पर लिया है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि विधानसभा में फिर जाने का मौका मिला तो कांग्रेसियों को मुर्गे बनाने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने हर माह गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में कार्यक्रम कर भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उनके सांसद बेटे दीपेंद्र हुड्डा की पोल खोलने की बात कही।
अभय सिंह चौटाला रविवार को जिला के गांव सिसरौली में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस जनसभा का आयोजन युवा नेता संदीप लठवाल की ओर से किया गया था। इस अवसर पर प्रमुख तौर पर इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्र सिंह ढुल व बलवान सिंह सुहाग के अलावा रणबीर हुड्डा, प्रदीप गिल, स्वराज हुड्डा, धीरज मलिक, अरविंद गोस्वामी, बिजेंद्र मलिक, शीला देवी व नफे सिंह लाहली मौजूद रहे। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेसियों ने ही हरियाणा में भाजपा की एक बार फिर सरकार बनवाने का काम किया है। उन्होंने 3 नवंबर को रोहतक में हुए इनेलो के प्रदर्शन का जिक्र किया। यह प्रदर्शन प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई और स्पेशल गिरदावरी की मांग को लेकर किया गया था। इस प्रदर्शन का नेतृत्व खुद अभय सिंह चौटाला ने किया था।

## पंडित भगवत दयाल शर्मा इंस्टिट्यूट में हुआ आयोजन

# पीजीआईएमएस ने फ्लोरोसेंट इन-सीटू हाइब्रिडाइजेशन पर सीएमई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक के पैथोलॉजी विभाग ने फ्लोरोसेंट इन-सीटू हाइब्रिडाइजेशन की मूल बातें विषय पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उन्नत कैंसर निदान में तकनीकी विशेषज्ञता बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला भी शामिल थी। कार्यशाला में हरियाणा और पड़ोसी राज्यों के 35 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्नातकोत्तर छात्र और प्रयोगशाला विशेषज्ञ शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरुआत पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने अत्याधुनिक नैदानिक सेवाएं प्रदान करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ सुनीता सिंह ने बताया कि पीजीआईएमएस उन कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रों में से एक है जो उन्नत आणविक नैदानिक परीक्षण करने में सक्षम हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा और कैंसर का पता लगाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. रूप सिंह और पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल के आयोजन के लिए आयोजक टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं और बधाई दी। उन्होंने परिशुद्ध चिकित्सा में आणविक विकृति विज्ञान के बढ़ते महत्व को स्वीकार किया और उन्नत नैदानिक तकनीकों को अपनाने के लिए विभाग की सराहना की। प्रोफेसर डॉ. मोनिका गुप्ता ने प्रतिभागियों को सीएमई के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी और आधुनिक नैदानिक विधियों में कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य फिश तकनीक के बारे में जागरूकता और व्यावहारिक तकनीकी ज्ञान का प्रसार करना है।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)

❖ श्री दलवीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, म.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरिवंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

*आंगनबाड़ी केंद्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर किया मजबूत*

# आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक रूप देने की पहल तेज, 50 केंद्र हुए मॉडल में परिवर्तित, नए पेंट से शिक्षा का पाठ पढ़ा रहीं दीवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसी दिशा में रोहतक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को धीरे–धीरे मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में बदला जा रहा है।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिन केंद्रों की स्थिति खराब थी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में परिवर्तित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में जिले के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनवाड़ी के रूप में विकसित किया जा चुका है। इन केंद्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया गया है और आधुनिकीकरण पर आने वाला पूरा खर्च जिला प्रशासन द्वारा वहन किया गया है। खराब हालत वाले भवनों की मरम्मत कर उन्हें आकर्षक स्वरूप दिया गया है। कमरों में नई पेंटिंग कर वातावरण को बच्चों के अनुकूल बनाया गया है, ताकि बच्चे रुचि के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में आएं और सीखने की प्रक्रिया से जुड़ें। दूसरे चरण में शेष खराब हालत वाली आंगनबाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें भी मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए पोषण, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पूर्व–स्कूली शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की जाती हैं। 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को इन केंद्रों के माध्यम से निरंतर देखभाल मिलती है।










रोहतक। मॉडल आंगनबाड़ी की दीवारों पर सुंदर पेंट करके उन्हें आकर्षक बनाया गया है ताकि बच्चे और माताएं बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर देखकर आने के लिए उत्साहित रहें। फोटो : हरिभूमि

### कुपोषण के खिलाफ लड़ते हैं जंग

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कुपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन केंद्रों में बच्चों को पूरक आहार, नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, यूनिफॉर्म और स्टडी किट उपलब्ध करवाई जाती हैं। 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पूर्व–स्कूली शिक्षा देकर इन केंद्रों को मिनी स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि रोहतक की सभी आंगनबाड़ियां सक्षम एवं आदर्श मॉडल के रूप में विकसित हों, ताकि प्रत्येक बच्चे और महिला तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंच सकें।

## रोहतक से पंजाब की ओर जाने वाले रेल यात्रियों के लिए बड़ी सौगात

# इंटरसिटी मोगा एक्सप्रेस में अब फिरोजपुर तक होगा सफर

**आज से दिल्ली-मोगा इंटरसिटी एक्सप्रेस (22485/22486) का किया विस्तार**

- पहले मोगा तक ही जाती थी यह ट्रेन, अब फिरोजपुर तक जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रेलयात्रियों के लिए राहतभरी खबर है। 24 नवंबर से नई दिल्ली-मोगा इंटरसिटी एक्सप्रेस (22485/22486) का विस्तार कर इसे अब फिरोजपुर तक चलाया जाएगा। लंबे समय से यात्रियों की मांग थी कि इस ट्रेन को मोगा से आगे बढ़ाकर फिरोजपुर तक किया जाए, ताकि फिरोजपुर, फाजिल्का और आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्री सीधे नई दिल्ली और हरियाणा के प्रमुख शहरों से जुड़ सकें। आखिरकार रेलवे ने इस मांग को पूरा करते हुए ट्रेन का रूट बढ़ाने का फैसला लिया है।

सबसे खास बात यह है कि ट्रेन की समय-सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह ट्रेन पहले की ही तरह निर्धारित समय पर चलेगी, बस अब इसका अंतिम पड़ाव मोगा की जगह फिरोजपुर रहेगा। इससे न केवल पंजाब बल्कि हरियाणा के यात्रियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा, क्योंकि यह ट्रेन अपने तय रूट में रोहतक से भी होकर गुजरेगी। रोहतक के यात्रियों के लिए दिल्ली और पंजाब के बीच एक और सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होगा। रेलवे के अनुसार 24 नवंबर से यह ट्रेन सुबह 9 बजे अपने रूट पर आगे बढ़ते हुए नरवाना, संगरूर, लुधियाना और मोगा पहुंचने के बाद सीधे फिरोजपुर तक जाएगी। इससे इन सभी स्टेशनों के यात्रियों को सीधी और आरामदायक रेल सेवा मिलेगी। खासकर रोजाना सफर करने वाले कामकाजी लोगों, छात्रों और व्यापारियों को काफी सुविधा होगी, जिन्हें पहले मोगा में ट्रेन बदलनी पड़ती थी या फिर फिरोजपुर के लिए बस सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता था।

इंटरसिटी मोगा एक्सप्रेस अपनी समयबद्धता और सुविधाओं के लिए जानी जाती है। अब रूट विस्तार के बाद और अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। इस फैसले से पंजाब और हरियाणा के बीच रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी, साथ ही दिल्ली से फिरोजपुर तक दैनिक यात्रियों के लिए एक तेज और विश्वसनीय विकल्प उपलब्ध होगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह विस्तार बेहद उपयोगी साबित होगा। मोगा-फिरोजपुर खंड पर पहले से ही रेल यातायात की मांग लगातार बढ़ रही थी। ऐसे में इस इंटरसिटी एक्सप्रेस को आगे बढ़ाना समय की जरूरत भी थी।




### रोजगार, शिक्षा व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

स्थानीय लोगों ने भी रेलवे के इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे रोजगार, शिक्षा और व्यापारिक गतिविधियों को नया बढ़ावा मिलेगा। वहीं रोहतक के यात्रियों ने भी खुशी जताई है क्योंकि अब दिल्ली और पंजाब के कई शहरों के लिए एक और तेज और सुविधाजनक ट्रेन सेवा उनके पास उपलब्ध होगी। 24 नवंबर से शुरू होने वाली यह नई व्यवस्था रेलवे यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी। रूट विस्तार के बाद उम्मीद है कि इस ट्रेन से यात्रा करने वालों की संख्या और भी बढ़ेगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत आधार मिलेगा।




रोहतक। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेट्स की जागरुकता रैली को रवाना करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# मस्तनाथ यूनिवर्सिटी ने एनसीसी दिवस पर निकाली सामाजिक जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने एनसीसी दिवस पर सामाजिक जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनसीसी यूनिट 1 हरियाणा बटालियन के दिशा निर्देशों के अनुसार कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखविंदर सिंह और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुधीर मलिक के तत्वावधान में संपन्न हुई इस रैली को कुलपति प्रो. बी. एम. यादव और रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 50 से ज्यादा कैडेट्स ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कुलपति प्रो. बी. एम. यादव ने कहा कि स्वच्छता एक मजबूत समाज की नींव है। उन्होंने बताया कि साफ-सुथरे वातावरण में ही स्वस्थ और जागरूक नागरिक पनपते हैं। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों से यह आग्रह किया कि वे धूम्रपान और शराब के सेवन से दूर रहें। रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ और संतुलित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सुधीर मलिक की देखरेख में हुआ। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) अनिल डूडी और डॉ. निशा कुमारी ने रैली के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान 1 हरियाणा बटालियन से हवलदार धर्मपाल और हवलदार अग्नेश भी मौजूद रहे। रैली के दौरान कैडेट्स ने परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़े संदेश दिए। छात्रों ने जागरूकता पोस्टर और नारे लगाकर लोगों को समाज सुधार के लिए प्रेरित किया।

# बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भिवानी रोड स्थित बालाजी धाम डोभ में आज 65वीं पैदल ध्वजा यात्रा के पहुंचने पर भव्य संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि हर रविवार को शनि देव मित्र मंडल तेज कॉलोनी और भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे यात्रा प्रारंभ होती है। मंदिर परिसर में ज्योत प्रचंड करने के बाद हाथों में ध्वजाएं लिए श्रद्धालु जय श्री राम के जयकारों के साथ धाम की ओर रवाना हुए।

यात्रा के दौरान पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने रहा, जहां जगदंबा ट्रैक्टर हाउस की ओर से चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई। दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रखा गया। धाम से वापसी के लिए भक्तों को निशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई गई। दोपहर 12 से 3 बजे तक धाम परिसर में संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर और छोले-चावल भंडारा आयोजित हुआ। आज का भंडारा राजकुमार खन्ना, रोहतक वालों की ओर से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आंख, दांत, फिजियोथेरेपी, मेडिसिन और देसी वैद्य द्वारा जांच की गई तथा सभी दवाइयां और चश्मे निशुल्क प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पूनम सेन ने भजनों की प्रस्तुति दी और रिंकू महादेव ने सुंदर झांकियां दिखाईं। इस अवसर पर हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता, विनोद गुप्ता सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

# एचडी स्कूल में हरिदास स्कॉलरशिप टेस्ट ने बनाया रिकॉर्ड

- 60 से अधिक विद्यालयों के 9वीं से 12वीं तक के कुल 513 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर में आयोजित हरिदास स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट ने इस वर्ष शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल 513 विद्यार्थियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य बना दिया।

यह गर्व का विषय है कि इस परीक्षा में 60 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही, रोहतक से आने वाले विद्यार्थियों की विशेष संख्या और उत्साह उल्लेखनीय रहा, जिसने परीक्षा को और अधिक प्रतिस्पर्धी व प्रभावशाली बनाया।

यह परीक्षा फाउंडेशन कोर्सेज़ (कक्षा 9–10) तथा जेईई व एनईईटी कोचिंग (कक्षा 11–12) हेतु आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक सुरेन्द्र सिंह फोगाट तथा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और उपलब्धियों की सराहना की। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों दोनों के लिए अलग-अलग रिफ्रेशमेंट व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य प्रतिभागियों और उनके साथ आए अभिभावकों के लिए एक आरामदायक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करना था।

विद्यालय ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष स्कॉलरशिप योजनाएं (टॉप 10 के लिए 1.25 लाख रुपये तक, तथा रैंक 11–20 के लिए 65,500 तक) उपलब्ध कराने की घोषणा की। अंत में, विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



एचडी पब्लिक स्कूल के स्कॉलरशिप टेस्ट में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**आयोजन** आईआईएम में आयोजित टेडएक्स का 10वां संस्करण

# सीखने, समझने और बदलने की प्रेरक कहानियों से गूंजा मंच

- लर्न, अनलर्न, रीलर्न थीम पर कार्यक्रम में वक्ताओं ने अनुभव साझा किए, 1600 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईआईएम ने रविवार को टेडएक्स का दसवां संस्करण आयोजित किया, जिसकी थीम थी लर्न, अनलर्न, रीलर्न। कार्यक्रम में खेल, रचनात्मकता, सार्वजनिक नीति, रक्षा और अन्य विविध क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने जीवन, संघर्ष, बदलाव और नई शुरुआत की प्रेरक कहानियां साझा कीं। यह आयोजन संस्थान की जिज्ञासा, अनुभव आधारित नेतृत्व और चिंतनशील शिक्षा को बढ़ावा देने की सोच को दर्शाता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सत्य पाल सिंह सहित विवेक अत्रेय, अशोक देशमाने, डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, गुलशीण आनंद, गुरमंगल दास, प्रफुल गर्ग, प्रतिष्ठा देवेश्वर, प्रीति डिमरी, शिवम एस खजूरिया और विक्रम कोच्चर शामिल थे।

डॉ. सत्य पाल सिंह ने अपने पुलिस और सार्वजनिक जीवन के अनुभवों के आधार पर ईमानदारी, आत्मचिंतन और बदलने के साहस जैसे मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीखना दिशा देता है, भूलना स्वतंत्रता देता है और दोबारा सीखना उद्देश्य लौटाता है। उन्होंने युवाओं को जिज्ञासु बने रहने और विनम्रता के साथ बदलाव स्वीकार करने की सलाह दी।

विवेक अत्रेय ने छात्रों को बड़ा सोचने और निडर होकर नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। आरामदायक दायरे से बाहर निकलना और हर वर्ष नई कौशल सीखना आवश्यक है। अन्य वक्ताओं ने संघर्षों, असफलताओं और आत्मखोज की कहानियां साझा करते हुए बताया कि कैसे सीखने की निरंतर प्रक्रिया जीवन की दिशा बदल देती है। आईआईएम के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि टेडएक्स पूरी तरह छात्रों द्वारा संचालित पहल है, जो संस्थान की बौद्धिक संस्कृति को समृद्ध करती है।

उन्होंने कहा कि लर्न, अनलर्न, रीलर्न भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा से जुड़ा विचार है और यह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कार्यक्रम में 1600 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अंत में प्रो. शर्मा ने कहा कि सच्चा नेतृत्व आजीवन अनुशासन में निहित है, जिसमें विनम्रता के साथ सीखना, साहस के साथ भुलाना और उद्देश्य के साथ पुन सीखना शामिल है। आईआईएम देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक है, जहां दो हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। टेडएक्स का यह संस्करण संस्थान की प्रेरक और अर्थपूर्ण संवाद को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को पुन स्थापित करता है।



रोहतक। आईआईएम में टेडएक्स का शुभारंभ करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# पाखंड हिंदू संस्कृति के पतन का कारण होगा : सच्चिदानंद



मानसरोवर कॉलोनी स्थित आर्य समाज मंदिर में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में आर्य समाज का विशिष्ट योगदान रहा है। अंग्रेजी शासन के दौर में आर्य समाज को पाखंडी कहने वालों को करारा जवाब देते हुए स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गो-रक्षा के लिए न केवल पुस्तक लिखकर समाज को जागरूक किया, बल्कि दो करोड़ लोगों के हस्ताक्षर एकत्रित कर महारानी विक्टोरिया को ज्ञापन सौंपकर गो-हत्या रुकवाने का ऐतिहासिक कार्य भी किया। यही विचार गुजरात से पधारे स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने मानसरोवर कॉलोनी स्थित आर्य समाज मंदिर में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि यूरोप में लिव-इन रिलेशनशिप से जन्मे अनेक बच्चों को पिता स्वीकार नहीं करते, ऐसे बच्चों को सरकार कॉन्वेंट स्कूलों में भेजती है और वहीं के पादरी को उनका 'फादर' कहा जाता है। दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत में भी लिव-इन रिलेशनशिप का कानून लागू होना आने वाली पीढ़ियों के लिए हानिकारक साबित होगा। उन्होंने अफसोस जताया कि हिंदू राष्ट्र कहलाने वाले भारत में आज भी गो-हत्या पर पूर्ण रोक नहीं है, विशेषकर हरियाणा के नूंह-मेवात क्षेत्र में यह समस्या गंभीर है। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद की पहल पर रेवाड़ी जिले में पहली गोशाला की स्थापना करवाई, आज देश में लाखों गौशालाएं संचालित हो रही हैं।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20